# कमला नेहरू कालेज में 'केक बेकिंग' की कार्यशाला लगाई



छात्राओं को केक बनाने की विधि सिखात डा. प्रियंका ऐरी।

**सवेरा न्यूज/अमनदीप फगवाड़ा** : स्थानीय कमला नेहरू कालेज फॉर वीमेन फगवाड़ा में प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल के निर्देशन में होम साइंस विभाग की ओर से छात्राओं को 'केक बेकिंग' सिखाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें होम साइंस विभागाध्यक्षा डा. प्रियंका ऐरी ने सभी प्रतिभागियों को बाखूबी केक बनाने की विधि सिखाई ताकि वे अपनी प्रतिभा को विकसित करते हुए रोजगार के नए रास्ते अपना सकें। इस अवसर पर प्राचार्या डा. सविन्दर पाल ने सभी छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें भविष्य में भी इस प्रकार के कलात्मक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए कहा तथा होम साइंस विभाग के सभी आयोजकों को बधाई दी।

DAINIK SAWERA, 24/8/22

कमला नेहरू काले...

# कमला नेहरु कालेज में विश्व ओजोन दिवस और स्वच्छ अमृत महोत्सव का आयोजन



कमला नेहरु कालेज में विश्व ओजोन दिवस और स्वच्छ अमृत महोत्सव की तस्वीरें।

**सवेरा न्यूज़/अमनदीप**

फगवाड़ा,17 सितंबर : विज्ञान विभाग ने विश्व ओजोन दिवस और स्वच्छ अमृत महोत्सव के अवसर पर कमला नेहरू कॉलेज फॉर वूमेन, फगवाड़ा के एनएसएस यूनिट और रेड रिबन क्लब के सहयोग से एक रैली और पॉटेड प्लांट प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्र म का मुख्य उद्देश्य छात्रों में ओजोन परत के क्षरण को रोकने के साथ-साथ कचरा मुक्त शहरों के निर्माण के लिए जागरूकता लाना था। इस प्रतियोगिता में लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ सविंदर पाल ने छात्रों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और पुरस्कार विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की। बीएससी नॉन मेड (सेम 5), बीएससी मेड (सेम 3), बीएससी मेड (सेम 5) की संजना, गुरसिमरन, ज्योति को क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा पुरस्कार मिला। इसके साथ ही दीक्षा और जयदीप कौर ने सांत्वना पुरस्कार जीते, साथ ही गगनप्रीत, ईशा, अवनीत, सुकीर्ति, काजल और कोमल ने प्रशंसा पुरस्कार जीते। कॉलेज के प्राचार्य डा. सविंदर पाल ने कार्यक्रम के प्रभारी को भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

DAINIK SAWERA 18/9/22

# कमला नेहरू कालेज में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

सवेरा न्यूज/अमनदीप

फगवाड़ा, 19 सितंबर : कमला नेहरू कालेज फॉर वूमैन, फगवाड़ा में प्राचार्या डा. सविन्दर पाल के दिशानिर्देशन में कालेज की एनएसएस यूनिट द्वारा दिनांक 1 सितम्बर 2022 से दिनांक 15 सितम्बर 2022 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। जिसके तहत कई गतिविधियों को कार्यरूप दिया गया। सर्वप्रथम मैडम निधि जस्सल असिस्टेंट प्रोफेसर कॉमर्स ने सभी एन एस एस वालंटियर्स को हाइजीन एंड सैनिटेशन विषय पर सम्भाषण दिया। जिसमें उन्होंने स्वच्छ पानी पीने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस विषय पर छात्राओं ने पोस्टर बनाये व कालेज प्रांगण को स्वच्छ और स्प्रे युक्त किया। इसके अलावा इन वालंटियर्स ने रैली भी निकाली। प्राचार्या डा. सविन्दर पाल ने एन एस एस के इन्चार्ज निधि जस्सल और डा. ललित कुमार को उनके सांझा सहयोग से किए गए इस सराहनीय प्रयास के लिए बधाई दी।




कमला नेहरू कालेज में स्वच्छता पखवाड़ा की तस्वीरें।

DAINIK SAWERA 20/9/22

# कमला नेहरू कालेज में राष्ट्रीय न्यूट्रीशियन माह 2022 मनाया



कमला नेहरू कालेज में करवाए राष्ट्रीय न्यूट्रिशन माह 2022 की झलकियां।

## • छात्राओं को अपने आहार के प्रति सजग करने के लिए एक लघु एकांकी की मंचित

सवेरा न्यूज/अमनदीप

फगवाड़ा, 22 सितंबर : स्थानीय कमला नेहरू कालेज फॉर वीमेन फगवाड़ा में प्राचार्या डा. सविन्दर पाल के दिशानिर्देशन में होम साइंस विभाग द्वारा राष्ट्रीय न्यूट्रिशन माह 2022 मनाया गया। जिसके तहत विशेष असैम्बली में कालेज की सभी छात्राओं को अपने आहार के प्रति सजग करने के लिए एक लघु एकांकी की प्रस्तुति मंचित की गई जिसका विषय 'क्यों कि जीना इसी का नाम है' था। इसकी प्रस्तुति नैनी केअर तथा न्यूट्रीशियन डिप्लोमा कोर्स की छात्राओं ने बखूबी निभाई। इस एकांकी का मुख्य उद्देश्य आज के दौर में किशोरियों में बढ़ रही एनीमिया की समस्या और इससे संबंधित मासिक धर्म, मोटापा व स्वस्थ आहार आदि के बारे में जागरूक तथा सचेत करना था।

इस अवसर पर प्राचार्या डा. सविन्दर पाल ने सभी छात्राओं को संतुलित और स्वस्थ आहार लेने के प्रति प्रेरित किया तथा एकांकी में कुशलता से भूमिका निभाने वाली सभी छात्राओं की सराहना की व सभी आयोजकों मैडम प्रियंका ऐरी, अध्यक्ष होम साइंस विभाग व मैडम सुमिता भल्ला को इस आयोजन की सफलता पर बधाई दी। इस एकांकी का लाभ 650 से अधिक छात्राओं ने उठाया।

DAINIK SAWERA

23/9/22

# कमला नेहरु कालेज में आहार और पोषण पर संगोष्ठी करवाई





संगोष्ठी दौरान संबोधन करते प्राचार्य डा. सविन्द्र पाल तथा (दाएं) उपस्थित छात्राएं।

**सवेरा न्यूज/अमनदीप**

फगवाड़ा, 24 सितंबर : विज्ञान विभाग ने कमला नेहरू कॉलेज फॉर वूमेन फगवाड़ा के रैड रिबन क्लब के सहयोग से राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2022 के तहत आहार और पोषण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। बीएससी नॉन मेड 5वीं सैमेस्टर की छात्रा संजना ने प्रस्तुति को अच्छी तरह से समझाया। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य छात्रों में संतुलित आहार और उचित व्यायाम के बारे में जागरूकता लाना है। इस संगोष्ठी में लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर डा. सविंदर पाल, प्राचार्य ने छात्रों और प्रभारी को भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

DAINIK SAWERA 25/9/22

# छात्राओं को कैंसर से बचाव के बारे में बताया






उपस्थित समूह स्टाफ सदस्य। (दाएं) कैंप को संबोधित करते हुए विशेषज्ञ। • जागरण

- कमला नेहरू कालेज फार वीमेन में मेडिकल कैंप का आयोजन
- कैंप में 50 प्राध्यापकों व महिलाओं ने करवाई मैमोग्राफी

संवाद सहयोगी, फगवाड़ा : कमला नेहरू कालेज फार वीमेन फगवाड़ा में प्राचार्या डा. सविन्दर पाल के निर्देशन में एनएसएस यूनिट, होम साइंस विभाग, रेड रिबन क्लब के सांझा सहयोग से छात्राओं के लिए मेडिकल कैंप तथा संभाषण का आयोजन किया गया। यह कैंप इनरव्हील क्लब फगवाड़ा व साउथ ईस्ट फगवाड़ा द्वारा लगाया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को अपने स्वास्थ्य तथा कैंसर रोग के प्रति जागरूक करना था।

इस विषय पर अपना वक्तव्य देने वालों में डा. अनुज, न्यू रूबी हास्पिटल, जालंधर, डा. सीमा राजन, सरोज पब्बी, प्रेसिडेंट आइडब्ल्यूसी, फगवाड़ा, संतोष कुमारी, प्रेसिडेंट साउथ ईस्ट फगवाड़ा थे।

यह सभी सम्भाषण विशेष तौर पर महिलाओं में बढ़ते ब्रेस्ट कैंसर के कारणों, लक्षणों तथा मैमोग्राफी के महत्त्व सम्बन्धी जानकारी पर आधारित थे। करीब 700 छात्राओं ने इस चर्चा को ध्यानपूर्वक सुना। इसके उपरांत छात्राओं में रक्त की कमी की जांच के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन भी किया गया। इस कैंप में 50 प्राध्यापकों और फगवाड़ा की अन्य महिलाओं ने मैमोग्राफी करवाई व 100 छात्राओं ने एनीमिया टेस्ट करवाया।

प्राचार्या डा. सविन्दर पाल ने सभी वक्ताओं तथा विशेष रूप से सरोज पब्बी, प्रेसिडेंट, आइडब्ल्यूसी, फगवाड़ा का आभार जताया जिन्होंने इस आयोजन का प्रबंध करने में भरपूर सहयोग किया।

उन्होंने इस आयोजन के सफल प्रबंधन के लिए सभी आयोजकों डा. प्रियंका ऐरी, प्रियंका मनखंड निधि जस्सल तथा रीमा मदान जोशी को बधाई दी।

DAINIK JAGRAN
9/10/22

# कमला नेहरू कालेज में मैडीकल कैम्प लगाया




कमला नेहरू कालेज में मैडिकल कैम्प तथा सम्भाषण की तस्वीरें।

**सवेरा न्यूज़/अमनदीप**


फगवाड़ा, 8 अक्तूबर : स्थानीय कमला नेहरू कालेज फॉर वीमेन फगवाड़ा में प्राचार्या डा. सविन्दर पाल के दिशानिर्देशन में एनएसएस यूनिट, होम साइंस विभाग, रैड रिबन क्लब के सांझा सहयोग से छात्राओं के लिए मैडीकल कैम्प तथा सम्भाषण का आयोजन किया गया। यह कैम्प इनर व्हील क्लब,फगवाड़ा व साऊथ ईस्ट फगवाड़ा द्वारा लगाया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को अपने स्वास्थ्य तथा कैंसर रोग के प्रति जागरूक करना था। वक्तव्य देने वालों में डा. अनुज, न्यू रूबी हॉस्पिटल, जालंधर, डा. सीमा राजन, सरोज पब्बी, प्रैसीडैंट आईडब्ल्यूसी फगवाड़ा, संतोष कुमारी, प्रेसीडैंट साऊथ ईस्ट फगवाड़ा थे। यह सभी सम्भाषण विशेष तौर पर महिलाओं में बढ़ते ब्रैस्ट कैंसर के कारणों, लक्षणों तथा मैमोग्राफी के महत्व सम्बन्धी जानकारी पर आधारित थे। कैम्प में 50 प्राध्यापकों और फगवाडा की अन्य महिलाओं ने मैमोग्राफी करवाई व 100 छात्राओं ने एनीमिया टैस्ट करवाया। प्राचार्या डा. सविन्दर पाल ने सभी वक्ताओं तथा विशेष रूप से सरोज पब्बी का आभार जताया। उन्होंने सभी आयोजकों डा. प्रियंका ऐरी, प्रियंका मनखंड, निधि जस्सल तथा रीमा मदान, जोशी को बधाई दी।

DAINIK SAWERA
9/10/22

## इनरव्हील क्लबों ने लगाया कैंसर जागरुकता कैंप

# छात्राओं का मेमोग्राफी चेकअप और एनीमिया की जांच की

**भास्कर न्यूज़ | फगवाड़ा**




एनीमिया चेकअप कैंप के दौरान क्लब पदाधिकारी।

इनरव्हील क्लब फगवाड़ा व शाइनिंग स्टार ने कैंसर के प्रति जागरुकता लाने के लिए अध्यक्षा सरोज पब्बी व मुक्ति पब्बी की अगुवाई में कमला नेहरु कॉलेज फार वुमेन में कैंप लगाया।

इस मौके क्लब ने डॉक्टरों के सहयोग से कॉलेज छात्राओं का मेमोग्राफी चेकअप किया तथा 100 के करीब छात्रों का एनीमिया चेकअप किया। इस मौके रुबी अस्पताल जालंधर की डॉ. रुबी ने कैंसर इसके लक्षण व रोकथाम की जानकारी दी। एनीमिया व हेल्दी डाइट संबंधी डॉ. सीमा राजन ने विचार पेश किए। अध्यक्षा सरोज पब्बी ने किशोरीयों को मासिक धर्म चक्र के दौरान साफ सफाई रखने संबंधी विचार पेश किए। इससे कॉलेज छात्राओं को काफी लाभदायक जानकारी मिली। इस मौके पर केश लता भमरां पीडीसी, सचिव विम्मी शर्मा, राधिका पाराशर, डॉ. सीमा राजन एडिटर सोनम सहदेव पीपी सीमा शर्मा पीपी,चंद्र रेखा जतिंदर कौर, मंजू आनंद, दिशा तलवाड़, सविता पवार एडीटर, हरप्रीत, कविता आदि के अलावा अन्य मौजद थी।

DAINIK BHASKAR
9/10/22

Sanjay
10/10/22

# कमला नेहरु कालेज में नशे पर करवाया जागरुकता सैमीनार



कमला नेहरु कालेज में नशे पर करवाए सैमीनार की झलकियां।

**सवेरा न्यूज/अमनदीप**

फगवाड़ा, 20 अक्तूबर : विज्ञान विभाग द्वारा रेड रिबन क्लब और कमला नेहरू कॉलेज फॉर वूमेन फगवाड़ा की एनएसएस इकाई के सहयोग से ड्रग एब्यूज सैमीनार का आयोजन छात्रों को नशे की लत के बारे में जागरूक करने और नशे की लत से निपटने के तरीके के बारे में जागरूक करने के लिए किया गया था। बीएससी मैडीकल के छात्र विनी ने छात्रों को नशा के कारणों के बारे में बताया। बीएससी मैडीकल की सुकीर्ति ने नशीली दवाओं के सेवन के प्रभाव पर प्रकाश डाला और बीएससी मैडीकल की दीक्षा ने नशे के भविष्य के बारे में जागरूक किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सविंदर पाल ने आयोजकों और विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे बताया और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

DAINIK SAWERA

21/10/22




सेमिनार में भाग लेते हुए कालेज के विद्यार्थी • सौ. कालेज

# कालेज विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की दी जानकारी

संवाद सहयोगी, फगवाड़ा : विभाग की ओर से रेड रिबन क्लब और कमला नेहरू कालेज फार वूमेन फगवाड़ा की एनएसएस इकाई के सहयोग से नशे के खिलाफ जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

बीएससी मेडिकल के छात्र विनी ने छात्रों को नशा के कारणों के बारे में बताया, बीएससी मेडिकल की सुकीर्ति ने नशीली दवाओं के सेवन के प्रभाव पर प्रकाश डाला और बीएससी मेडिकल की दीक्षा ने नशे के बुरे प्रभाव के बारे में जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सविंदर पाल ने आयोजकों और विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहकर ही बेहतर भविष्य की नींव रखी जा सकती है।

DAINIK JAGRAN
21/10/22

# कमला नेहरू कालेज का स्वच्छ भारत अभियान के तहत बड़ा प्रयास



स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांवों का दौरा कर सफाई करते कालेज वालंटियर्स।

**सवेरा न्यूज/अमनदीप**

फगवाड़ा, 20 अक्तूबर : स्थानीय कमला नेहरू कालेज फॉर वीमेन फगवाड़ा में प्राचार्या डा. सविन्दर पाल के दिशानिर्देशन में एनएसएस यूनिट द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत एक राष्ट्रीय स्तर का सराहनीय कदम उठाया गया, जिसमें कालेज के सभी वालंटियर्स ने विभिन्न गांवों का दौरा किया तथा वहां के सभी ग्रामीणों को जहां स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। वहीं उन्होंने आस-पास के क्षेत्र से कूड़ा इकट्ठा करके गांव के सरपंच को सौंपा। इसके अलावा एक रैली भी निकाली गई जिसमें सभी वालंटियर्स ने यह संदेश दिया कि हमें पराली नहीं जलानी चाहिए क्योंकि इससे वातावरण दूषित होता है इसलिए पर्यावरण को बचाने के लिए हमें पराली न जलाने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके प्राचार्या डा. सविन्दर पाल ने एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर्स डा. ललित कुमार तथा मैडम निधि जस्सल को उनके इस प्रेरणादायक प्रयास के लिए प्रशंसा की।

DAINIK SAWERA
21/10/22

भारत के लौह पुरुष, सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की

# कमला नेहरू कालेज फगवाड़ा में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया



कमला नेहरू कालेज में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस की तस्वीरें।

**सवेरा न्यूज़/अमनदीप**

फगवाड़ा, 1 नवंबर : स्थानीय कमला नेहरू कालेज फॉर वीमेन फगवाड़ा में प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल के दिशानिर्देशन में कालेज के एनएसएस यूनिट तथा एनसीसी विंग के सांझा सहयोग द्वारा भारत के लौह पुरुष, सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, भारत को एक सूत्र में पिरोने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को याद करते हुए कालेज द्वारा सैमीनार, मैराथन-रन फॉर यूनिटी, शपथ, एनसीसी गीत, पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें करीब 100 से अधिक छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस आयोजन में निर्धारित सैमीनार में डॉ. ललित कुमार, अध्यक्ष, संगीत विभाग व एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर ने अपने सम्बोधन में सरदार वल्लभ भाई पटेल के राष्ट्रीय एकता में महत्वपूर्ण योगदान पर चर्चा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने प्रदेशों के टुकड़ों में बंटी हुई रियासतों को एक सूत्र में पिरोते हुए भारत देश को अखंडता में बांधने का महान कार्य किया। प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल ने सभी छात्राओं को स्वतंत्रता के संघर्षो और उनमें सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान पर विस्तारपूर्वक बताया। तत्पश्चात सभी छात्राओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्शो का पालन करने के लिए शपथ ली। प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल ने कार्यक्रम के सभी आयोजकों डॉ. ललित कुमार, मिस निधि जस्सल, एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर्स, डॉ. पलविंदर कौर रंधावा, एन सी सी सी.टी.ओ को उनके इस सराहनीय प्रयास के लिए हार्दिक बधाई दी।

DAINIK SAWERA

2/11/22

# कमला नेहरू कालेज में पंजाबी माह को समर्पित अकादमिक भाषण करवाया

## ● निबंध लेखन प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया

● **डा. सरदूल औजला, अध्यक्ष पंजाबी विभाग डिप्स कालेज ढिलवां रहे मुख्यातिथि**


**सवेरा न्यूज/अमनदीप**

फगवाड़ा, 5 नवंबर : स्थानीय कमला नेहरू कालेज फॉर वीमेन फगवाड़ा में प्राचार्या डा. सविन्दर पाल के दिशानिर्देशन में पंजाब सरकार की हिदायत अनुसार पंजाबी विभाग की ओर से नवम्बर महीने को 'पंजाबी माह' के तौर पर मनाते हुए 'पंजाबी सूबा और पंजाबी भाषा की स्थिति' विषय पर आधारित अकादमिक भाषण करवाया गया जिसमें बतौर स्रोत वक्ता डा. सरदूल औजला, अध्यक्ष पंजाबी विभाग डिप्स कालेज ढिलवां को सादर आमंत्रित किया गया। अपने सम्बोधन दौरान उन्होंने सभी छात्राओं को पंजाबी सूबे के इतिहास, स्थापना तथा आधुनिक दौर में पंजाबी भाषा की स्थिति बारे विस्तारपूर्वक चर्चा की व विशेष रूप से अपनी मातृभाषा पंजाबी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर 3 नवंबर को विभाग द्वारा करवाए गए 'पंजाब, पंजाबी और पंजाबियत' विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इन विजेताओं में पन्ना रानी, गगनप्रीत, मनमीत, जसकरन और जसप्रीत थी जिन्होंने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा तथा सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्राचार्या डा. सविन्दर पाल ने सभी छात्राओं को अपनी मातृभाषा पंजाबी से जुड़ने तथा उस पर गर्व करने के लिए प्रेरित करते हुए स्रोत वक्ता डा. सरदूल औजला का ज्ञानवर्धक सम्भाषण के लिए आभार प्रकट किया तथा इस आयोजन के लिए समस्त पंजाबी विभाग को बधाई दी।



पंजाबी माह को समर्पित अकादमिक भाषण समागम की तस्वीर।

# कमला नेहरु कालेज में विश्व एड्स दिवस मनाया




कमला नेहरु कालेज में विश्व एड्स दिवस दौरान उपस्थित छात्राएं।

**सवेरा न्यूज़/अमनदीप**

फगवाड़ा, 1 दिसंबर : 75वें आजादी का अमृत महोत्सव समारोह की निरंतरता में, एनएसएस इकाई, रेड रिबन क्लब और कमला नेहरू कॉलेज फॉर वूमेन फगवाड़ा की एनसीसी विंग ने कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सविंदर पाल के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस मनाया। इस अवसर पर एचआईवी के संक्र मण को रोकने के लिए यौन जोखिम के बारे में छात्रों को जागरूक करने के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, प्रतियोगिता में लगभग 40 छात्रों ने भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सविंदर पाल ने इस कार्यक्र म के आयोजन के लिए कार्यक्र म अधिकारियों, डॉ. ललित कुमार, सुश्री निधि जस्सल और सुश्री प्रियंका (सदस्य रेड रिबन क्लब) और डॉ. पलविंदर कौर, एनसीसी सीटीओ के प्रयासों की सराहना की।

29/11/22

DAINIK SAWERA
2/12/22

# कमला नेहरू कालेज ने विश्व कैंसर दिवस मनाया



कमला नेहरू कालेज में विश्व कैंसर दिवस दौरान उपस्थित छात्राएं व स्टाफ।

**सवेरा न्यूज/अमनदीप**

फगवाड़ा, 5 फरवरी : स्थानीय कमला नेहरू कालेज फॉर वीमैन फगवाड़ा में प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल के दिशा-निर्देशन में साइंस विभाग तथा एन एस एस यूनिट के स सांझा सहयोग से विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। कालेज छात्राओं द्वारा इस विषय पर आधारित पोस्टर मेकिंग गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। इस दिवस को मनाने का मुख्य मकसद छात्राओं को कैंसर जैसी घातक बीमारी के लक्षणों व बचाव और इलाज के प्रति सजग करना था। कालेज प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल ने सभी छात्राओं से रूबरू होते हुए कैंसर जैसी वैश्विक घातक बीमारी के प्रति बचाव और सुरक्षा के सकारात्मक उपायों सम्बन्धी अपने विचार प्रस्तुत करते हुए उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने समस्त साइंस विभाग व एनएसएस यूनिट के प्रोग्राम ऑफिसर्स को इस आयोजन की सफल सम्पन्नता पर हार्दिक बधाई दी।

DAINIK SAWERA
6/2/2023

6/2/23

**मां बोली हर इंसान अपने जन्म के साथ ही सीखता है : प्राचार्या डा. सविन्दर पाल**

# कमला नेहरू कालेज फगवाड़ा में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया

**सवेरा न्यूज/अमनदीप**

फगवाड़ा, 23 फरवरी : कमला नेहरू कालेज फॉर वीमेन फगवाड़ा में प्राचार्या डा. सविन्दर पाल के दिशानिर्देशन में पंजाबी विभाग, संगीत विभाग तथा फाइन आर्ट्स विभाग के सांझा सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में काव्य पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बी.ए1. सैमेस्टर 2 की छात्रा रेहाना ने पहला स्थान, मनमीत ने दूसरा स्थान तथा कक्षा 11वीं से गुर असीस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पैंती अखरी मुकाबले में पहला स्थान गुर असीस व गुरबख्श ने, दूसरा स्थान हरलीन बीए भाग तीसरा तथा तृतीय स्थान मनिन्दर बीए भाग प्रथम की छात्रा ने हासिल किया। इसी श्रृंखला में काव्य उच्चारण प्रतियोगिता में बीएससी मैडीकल भाग दो की छात्रा दीक्षा तथा विन्नी बांगर ने पहला व दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि इंदरप्रीत तीसरे स्थान पर रही। लोकगीत मुकाबले में कुसुम बीए भाग तीन से पहला स्थान प्राप्त करते हुए विजयी रही तथा कक्षा 11वीं से गुनवन्त और हरजोत ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार मां बोली से संबंधित पंजाबी साहित्य अकादमी लुधियाना द्वारा करवाए गए पंजाबी मात भाषा मेले में कालेज की छात्रा मनमीत ने कैलीग्राफी मुकाबले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विजेता छात्राओं को पुरस्कार तथा प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कालेज प्राचार्या डा. सविन्दर पाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि मां बोली हर इंसान अपने जन्म के साथ ही सीखता है अतः हमें इसका सत्कार करना चाहिए। उन्होंने इस शानदार आयोजन के लिए सभी आयोजकों को हार्दिक बधाई दी तथा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।



कमला नेहरू कालेज में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की तस्वीरें।

DAINIK SAWERA, 24/2/23

# कमला नेहरू कालेज में नैतिक शिक्षा विषय पर आधारित परीक्षा करवाई



कालेज छात्राओं के साथ प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल व अन्य।

**सवेरा न्यूज़/अमनदीप**

फगवाड़ा, 15 फरवरी : स्थानीय कमला नेहरू कालेज फॉर वीमेन फगवाड़ा में प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल के दिशा-निर्देशन में गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल लुधियाना तथा कालेज के पंजाबी विभाग के सांझा सहयोग से राज्य स्तरीय नैतिक शिक्षा विषय पर आधारित लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं में उच्च नैतिक मूल्यों को जागृत करना था ताकि उनमें जीवन के विकास की भावना का संचार हो सके। करीब 60 छात्राओं ने इस लिखित परीक्षा में बढ़चढ़ कर भाग लिया। कालेज प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल ने इस परीक्षा के सफल आयोजन में के लिए पंजाबी विभाग को हार्दिक बधाई दी।

DAINIK SAWERA

16/2/23

# कमला नेहरू महिला कॉलेज ने विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया




विश्व स्वास्थ्य दिवस पर छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टर।

**सवेरा न्यूज/अमनदीप**

फगवाड़ा, 12 अप्रैल : आईक्यूएसी, कमला नेहरू महिला कॉलेज फगवाड़ा ने पोस्टर प्रस्तुति द्वारा सभी के लिए स्वास्थ्य विषय पर विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया। इस विषय का मुख्य उद्देश्य विश्व स्वास्थ्य संगठन के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र को उजागर करने के लिए एक विशिष्ट स्वास्थ्य विषय के बारे में जागरूकता पैदा करना है। कॉलेज प्राचार्य डा. सविंदर पाल ने छात्राओं को उचित और स्वस्थ आहार लेने के बारे में बताया और पौष्टिक भोजन के फायदे भी बताए। प्राचार्य मैम भविष्य में भी इस तरह के आयोजन के लिए विज्ञान विभाग को प्रेरित करती हैं। इस कार्यक्रम में करीब 30 छात्रों ने भाग लिया।

DAINIK SAWERA
13/4/23

# कमला नेहरु कालेज फगवाडा में पर्यावरण दिवस मनाया

**सवेरा न्यूज/अमनदीप**




कमला नेहरु कालेज फगवाडा में मनाए विश्व पर्यावरण दिवस की तस्वीरें।

फगवाड़ा, 5 जून: कमला नेहरू कालेज फॉर वीमेन फगवाडा में प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल के दिशानिर्देशन में एनएसएस यूनिट तथा एनसीसी विंग के सांझा सहयोग से दिनांक 30 मई से जून 5 तक जीवन सुरक्षा मिशन के तहत ?विश्व पर्यावरण दिवस? मनाया गया। इस अवसर पर विषय से संबंधित विविध प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें पौधारोपण, पोस्टर मेकिंग तथा निबंध प्रतियोगिता आदि थे जिनमें कालेज छात्राओं ने बढचढ कर भाग लिया। इसके अलावा ?पर्यावरण बचाओ? विषय पर आधारित जागरूकता रैली भी कालेज प्रांगण में निकाली गई। इस विशेष दिवस पर सम्भाषण का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य वक्ता कालेज प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल को सादर आमंत्रित किया गया। अपने सम्बोधन में उन्होंने सभी छात्राओं को पर्यावरण को सुरिक्षत रखने के लिए पेडों के महत्त्व पर विस्तृत जानकारी दी तथा कहा कि न केवल पौधारोपण करते हुए संतुष्ट हो जाना चाहिए बल्कि उन्हें पालने और विकिसत करने की जिम्मेदारी भी सम्भालनीं चाहिए। इसके अलावा उन्होंने छात्राओं को प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग ना करने की सलाह दी तथा रसोई के कच्चरे को खाद के तौर पर खेतों और बगीचों में प्रयोग करने का परामर्श दिया। सभी छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ ग्रहण की। कई छात्राओं ने अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में भी पौधे लगाए। 80 से अधिक छात्राओं ने इस आयोजन में प्रतिभागिता की। प्राचार्या डॉ. सविन्दर पाल ने इस आयोजन के सफल संयोजन के लिए डॉ. ललित कुमार, मैडम निधि जस्सल, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर तथा डॉ. पलविंदर कौर रंधावा, एनसीसी, सीटीओ को हार्दिक बधाई दी।

DAINIK SAWERA

6/6/23